Title: Need to take steps to make Hindustan Vegetable Oils Corporation Ltd. at Kanpur viable.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर): हिन्दुस्तान वेजिटेबल ऑयल्स कार्पो0 लि0 भारत सरकार का एक उपक्रम है जोकि फजलगंज, कानपुर, उत्तर प्रदेश में स्थित है। इस कम्पनी की अन्य शाखाएं जैसे मुम्बई, कलकत्ता, बंगलौर, मद्रास, दिलली आदि यूनिट आज भी व्यापार करके लाभ कमा रहे हैं एवं समय से वेतन इत्यादि ले रहे हैं। मात्र कानपुर एकक एवं अमृतसर एकक को बंद करके वेतन नहीं दिया जा रहा है। इस कम्पनी में कोई मशीनरी इत्यादि खराब नहीं है। बिल्कुल चलने लायक है। इस यूनिट में बिना कोई आधुनिकीकरण किए पैकिंग का कार्य तुरंत शुरू किया जा सकता है। जैसा कि वर्ष 1998 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया पामोलीन पैकिंग का कार्य किया गया था। 12 जुलाई, 1995 से उत्पादन अचानक बंद हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नई वनस्पति यूनिटों को प्रोत्साहन देते हुए करमुक्त किया जाना और एच.वी.ओ.सी. को व्यापार कर उत्पादन कर से जोड़े रखना ही इस कम्पनी का उत्पादन बंद करने से गहरा असर पड़ा है। इस कम्पनी को पुनः चलाने से पहले कम्पनी को व्यापार कर मुक्त क्या जाये एवं इसमें बनने वाले वनस्पति घी एवं रिफाईन्ड रक्षा विभाग में ही दिया जाये एवं सरकार द्वारा संचालित रेल्वे कैन्टीन में वितरण किया जाये। मजदूरों को समय से वेतन एवं अन्य सुविधायें दी जायें।